राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 17.03.2017

आयोग द्वारा **राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा 2016 दिनांक 27.03.2017 एवं 28.03.2017** को राजस्थान के अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा एवं उदयपुर संभागीय जिला मुख्यालयों पर दो सत्रों में प्रातः 09.00 बजे से 12.00 बजे तक एवं दोपहर 02.00 बजे से 05.00 बजे तक आयोजित की जा रही है।

उक्त परीक्षा के प्रवेश–पत्र मय उपस्थिति–पत्र के आयोग के वेब लिंक https://rpsc.rajasthan.gov.in/applyonline/admissionCard पर अपलोड कर दिये गये हैं। अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग के वेबपोर्टल से आवेदन–पत्र क्रमांक (Application I.D.) से डाउनलोड कर परीक्षा केन्द्र पर एक पासपोर्ट साईज फोटो एवं मूल फोटो पहचान–पत्र (Original Photo I.D. Card) अपने साथ अवश्य लेकर आवे अन्यथा परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा समय से एक घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। परीक्षा केन्द्र पर रिस्ट वॉच/मोबाईल/अन्य इलेक्ट्रोनिक सामग्री लेकर नहीं आवें।

अभ्यर्थी केवल द्वितीय प्रश्न पत्र के हल हेतु नॉन प्रोग्रामेबल ध्वनी रहित तथा सौर उर्जा/बैटरी चालित पाकेट केलक्यूलेटर अपने साथ ला सकते हैं व उनका प्रयोग कर सकते हैं। उपरोक्त प्रकार के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के केलक्यूलेटर/इलेक्ट्रोनिक सामग्री का प्रयोग वर्जित होगा।

(गिरिराज सिंह कुशवाहा)
सचिव

– –